कार्यालय– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल।

पत्रांक :– उ0वि0शि0परि0/ स्टोर / 185 /2014–15 दिनांक: 28-1-15

विज्ञप्ति/निविदा सूचना

उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर, नैनीताल की ओर से, व्यापार कर में पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मो/निर्माता कम्पनियों से **मशीनें और सज्जा, उपकरण एवं सयंत्र के अन्तर्गत निम्नलिखित सामग्री तथा कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर का क्रय के अन्तर्गत परिषद् कार्यालय में पुराने/नये अभिलेखों का डिजिटाईजेशन एंव सॉफ्टवेयर निमार्ण कार्य** हेतु मुहर बन्द निविदाएं पंजीकृत डाक अथवा स्वयं के माध्यम से दिनांक 12–02–2015 को सायं 5.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो दिनांक 13–02–2015 को प्रातः 11.00 बजे गठित समिति के सदस्यों द्वारा परिषद् कार्यालय रामनगर, नैनीताल में उपस्थित निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेंगी। निविदा फार्म निम्नवत् सारिणी के अनुसार अलग–अलग/सामाग्री मद के लिए अलग–अलग टेण्डर फार्म मान्य होगा।

क्र0 सं0	सामग्री का विवरण	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये में)	अर्नेस्ट मनी की धनराशि (रुपये में)	निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय	निविदा के तकनीकी भाग खुलने की तिथि व समय	निविदा के वित्तीय भाग खुलने की तिथि
1	अग्नि शमन सयंत्र (फायर हाइड्रेन्ट लाइन) पम्प एंव टैंक सहित	100=00 रु0 + 13.50% वैट	15000.00	12–02–15 सायं 5.00 बजे	13–02–2015 प्रातः 11.00 बजे	13–02–15 तकनीकी भाग सफल होने पर
2	डीजल जनरेटर (साईलेन्ट मोड) 62.5 KVA/50 KW फिटिंग एवं बेसमेन्ट सहित (अ) अशोका लिलेण्ड, (ब) किलोसकर, (स) महिन्द्रा	150=00 रु0 + 13.50% वैट	22500.00			
3	डिजिटाईजेशन एंव साफ्टवियर निर्माण	200=00 रु0 + 13.50% वैट	55000.00			

निविदा के नियम/प्रमुख शर्तें :–

1. निविदा फार्म दिनांक 11.02.2015 सायं 5.00 बजे तक अथवा इससे पूर्व किसी भी कार्य दिवस को प्रातः 10.00 बजे से अपराहन 05.00 बजे तक परिषद् कार्यालय रामनगर के प्रबन्ध/स्टोर अनुभाग से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदा शुल्क पृथक–2 क्र0सं0 1, 2 एवं 3 हेतु क्रमशः रुपया 100.00 तथा 150.00 एवं 200.00 प्रति निविदा+13.50% वैट की दर से नकद अथवा बैंक ड्राफ्ट जो सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से रामनगर मे देय हो जमा करके प्राप्त किये जा सकते हैं।
2. निविदा के साथ अर्नेस्ट मनी की धनराशि का बैंक ड्राफ्ट/ F.D.R./C.D.R **सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् रामनगर (नैनीताल) के पदनाम से निरूपित रामनगर में देय हो**, संलग्न करना अनिवार्य होगा। सामग्री की दरें समस्त करों सहित जिसमें सेवाकर भी सम्मिलित हो अंकित की जाय।
3. निविदादाता को तकनीकी भाग के साथ बिक्रीकर एवं आयकर पंजीकरण प्रमाण पत्र तथा मांगी सूचना की फोटो प्रति संलग्न करनी होगी।
4. जिन फर्मो के तकनीकी भाग की निविदाएं पूर्ण होने पर स्वीकृत होंगी उन्हीं फार्मो के वित्तीय भाग की निविदाएं खोली जायेंगी। डिजिटाईजेशन एंव साफ्टवियर निर्माण के सम्बन्ध **में तकनीकी भाग खोलने के उपरान्त निविदा दाताओं द्वारा कार्य का डेमो/प्रस्तुतीकरण दिखाया जाना अनिवार्य होगा।**
5. नियत तिथि को राजकीय अवकाश घोषित होने की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को खोली जायेंगी।
6. परिषद् के सचिव को बिना कारण बताये एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
7. कोषागार द्वारा बिलों का भुगतान सीधे बैंक खातों में किया जा रहा है। इस हेतु बिल पर टैन/ पंजीकरण/बैंक/बैंक खाता संख्या आईएफसी कोड सहित अवश्य अंकित किया जाना अनिवार्य होगा।
8. बिस्तृत/ अन्य नियम एवं शर्तें प्रत्येक निविदा प्रपत्र पर भी पृथक–पृथक से अंकित हैं।

नोट– निविदा की जानकारी तथा प्रपत्र परिषद् की वेवसाइट www.ubse.uk. gov.in पर उपलब्ध है। वेवसाइट से निविदा प्रपत्र डाउन लोड करने की स्थिति में निविदा शुल्क की धनराशि निविदा जमा करने से पूर्व परिषद् कार्यालय में नियमानुसार जमा करनी अनिवार्य होगी।

28/01/2015

(डॉ0 दयाकृष्ण मथेला)
सचिव